<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

108 वें किसान मेले में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन बीजों की बिक्री

पंतनगर। 15 अक्टूबर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 108 वां अखिल भारतीय किसान मेले एवं उद्योग प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के रबी की विभिन्न फसलों के बीजों की बिक्री ऑनलाइन एवं कोविड-19 की महामारी हेतु सरकार की गाइलाइन के अनुसार ऑफलाइन दोनों माध्यम से हो रही है। मेले के दूसरे व तीसरे दिन आज दोपहर तक ऑफलाइन माध्यम से लगभग 11 लाख रूपये के विभिन्न रबी फसलों के बीजों एवं पौधों की बिक्री की गयी। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यम से लगभग 1.25 लाख के बीजों की बिक्री की गई।

किसान मेले के दौरान विशेष व्याख्यान माला के अंतर्गत 13 अक्टूबर को डा. आर.के. शर्मा द्वारा 'आधुनिक दुग्ध उत्पादन तकनीक' एवं डा. वी.के. सिंह द्वारा मत्स्य पालन तकनीक' विषय पर; 14 अक्टूबर को डा. ललित भट्ट द्वारा 'वेमौसमी सब्जी उत्पादन' तथा डा. अनिल सैनी व डा. बलवान सिंह द्वारा 'कुक्कुट पालन तकनीक' विषय पर एवं 15 अक्टूबर को डा. डी.के. सिंह द्वारा 'जैविक खेती' तथा डा. निर्मला भट्ट द्वारा 'उन्नत मशरूम उत्पादन तकनीक' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिये गये। प्रत्येक दिन दोपहर 2 से 3 बजे वर्चुअल किसान गोष्ठी/प्रगतिशील कृषकों से वार्ता में वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभाग कर रहे किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान भी वर्चुअल मोड पर किया। वर्चुअल मोड पर ही उन्नत कृषि तकनीकों का प्रदर्शन-वीडियों के अन्तर्गत 13 अक्टूबर को कृषि एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय, 14 अक्टूबर को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय व विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय तथा 15 अक्टूबर को प्रौद्योगिकी एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के तकनीकों का प्रदर्शन दिखाया गया।